आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 21.04.2025  समय : 07.10पीएम

मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में भारत ने देखा है प्रभावशाली परिवर्तन
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिविल सेवा सिर्फ़ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का प्रभावी माध्यम है।
- सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री मंत्री डा एल मुरुगन ने कहा कि वेव्स भारत को वैश्विक कंटेंट हब के रूप में स्थापित करेगी
- भोपाल जिले की समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में फायर सेफ्टी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री लोक सेवा दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में भारत ने वृद्धि वाले परिवर्तन से आगे बढ़कर प्रभावशाली परिवर्तन देखा है क्योंकि सरकार देश में समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि समग्र विकास का मतलब है हर घर को स्वच्छ जल, हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हर उद्यमी को वित्तीय संसाधन और हर गांव को डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ। श्री मोदी ने नई दिल्ली में 17वें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर लोकसेवकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने देश में युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति से काम करने की आवश्यकता का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके सपने अभूतपूर्व ऊंचाइयों पर पहुंच रहे हैं।

झाबुआ कलेक्टर नेहा मीना को आज लोक सेवा दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्कृष्टता अवॉर्ड से सम्मानित किया । सुश्री मीना को यह अवार्ड नवाचारों के लिए मिला है। सुश्री मीना को आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत झाबुआ के रामा ब्लॉक क्षेत्रों में प्रगति को काफी गति मिली है। झाबुआ ज़िले की मोटी आई अभियान साकार रूप ले रहा है।

लोक सेवा दिवस

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सिविल सेवा सिर्फ़ एक पेशा नहीं, यह जनसेवा का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि सिविल सेवकों का दायित्व है कि वे अपने अधिकारों का नि:संदेह सदुपयोग करें, लेकिन अपने कर्तव्यों से कदापि विमुख न हों। मुख्यमंत्री डॉ. यादव राष्ट्रीय लोक सेवा दिवस के अवसर पर आज भोपाल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के चयनित 16 अधिकारियों को मुख्यमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सभी सिविल सेवकों से अपेक्षा की कि वे नागरिकों की तत्पर सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें ।

साइबर तहसील पुरस्कार

प्रदेश के राजस्व विभाग को साइबर तहसील पहल के लिये प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार-2023 से सम्मानित किया गया है। राजस्व विभाग के प्रमुख सचिव विवेक पोरवाल ने लोक सेवा दिवस के अवसर पर नई दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित समारोह में यह पुरस्कार प्राप्त किया। राजस्व विभाग ने साइबर तहसील पहल से राज्य में भूमि नामांतरण सेवाओं को पूरी तरह से डिजिटल, प्रभावी और नागरिकों के अनुकूल बनाकर एक बड़ा बदलाव किया है। साइबर तहसील पहल को राष्ट्रीय स्तर पर भी व्यापक सराहना मिली है। आंध्रप्रदेश, उत्तराखंड, बिहार और झारखंड जैसे राज्यों ने इस प्रणाली को अपनाने में रुचि दिखाई है।

जल गंगा संवर्धन अभियान

उज्जैन में क्षिप्रा नदी के रामघाट पर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घाटों की सफाई की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान हमारे प्रदेश के पुराने ऐतिहासिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने का विशेष अभियान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में और पूरे विश्व में हमारे मध्यप्रदेश की माँ नर्मदा ऐसी नदी है जिसकी परिक्रमा की जाती है, मध्यप्रदेश सरकार नर्मदा नदी के परिक्रमा स्थल को सुव्यवस्थित कर तीर्थ यात्रियों के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं बनाएंगे और माँ क्षिप्रा के घाटों को 29 किलोमीटर और बनाया जा रहा है, जिससे माँ क्षिप्रा के परिक्रमा करने वाले यात्रियों को भी सुविधा होगी।

डा मुरुगन वेव्स

केंद्रीय राज्य मंत्री एल. मुरुगन ने आज भोपाल में मीडिया से बातचीत करते हुए 1 से 4 मई, तक होने वाले वेव्स शिखर सम्मेलन के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि वेव्स का

उद्देश्य भारत को वैश्विक कंटेंट हब के रूप में पहचान दिलाना है, साथ ही क्रिएटर्स, निवेशकों और इनोवेटर्स के बीच सहयोग को भी यह शिखर सम्मेलन बढ़ावा देगा।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन - सदस्य

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने इस वर्ष फरवरी माह के दौरान कुल 16 लाख 10 हजार सदस्यों की वृद्धि दर्ज की है। यह फरवरी 2024 की तुलना में लगभग 4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के डेटा के अनुसार इस साल फरवरी में लगभग 7 लाख 39 हजार नए सदस्य जोड़े गए। डेटा से यह भी पता चलता है कि 18 से 25 वर्ष की आयु वर्ग में 4 लाख 27 हजार नए सदस्य शामिल हुए। इसी महीने के दौरान लगभग 2 लाख 8 हजार महिलाएं भी नए सदस्य के रूप में जुड़ीं है।

फायर सेफ्टी सप्ताह

भोपाल जिले की समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में फायर सेफ्टी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 26 अप्रैल तक संचालित ये सप्ताह "Unite to Ignite, a Fire Safe India" की थीम पर मनाया जा रहा है। सप्ताह के पहले दिन आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों को फायर सेफ्टी प्रशिक्षण दिया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि अग्नि से सुरक्षा के प्रावधानों को सुनिश्चित करने के लिए सभी अस्पतालों के कर्मचारी एवं चिकित्सकों को इसकी मानक प्रक्रियाओं के संबंध में अवगत कराया जा रहा है।

कौशल विकास कार्यक्रम

राजधानी भोपाल में कल राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल विकास कार्यक्रम विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। यह कार्यक्रम राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित सभागार में होगा। इस संगोष्ठी का आयोजन अंतरराष्ट्रीय परामर्श परिषद, कंस्ट्रक्शन इंडस्ट्री डेवलपमेंट काउंसिल तथा इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेंचलेस टेक्नोलॉजी द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत कौशल विकास, व्यावसायिक प्रशिक्षण, उद्योगों के साथ समन्वय और डिजिटल तकनीकों के उपयोग पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

समाचार संक्षेप में -----

- शिवपुरी जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं पर नियंत्रण एवं प्रबंधन के लिए अब किसानों को जागरूकता रथ के माध्यम से भी जागरूक किया जाएगा। जागरूकता रथ को जिला पंचायत अध्यक्ष नेहा यादव और कलेक्टर रवींद्र कुमार चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।
- उमरिया में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक संचालित किया जाएगा। अभियान के तहत माय भारत पोर्टल पर वॉलंटियर जलदूत के लिए पंजीयन किया जाना है।
- खंडवा में पुलिस ने एक माह के विशेष अभियान"ऑपरेशन सहयोग में लगभग 11 लाख रुपये के कुल 73 मोबाईल जप्त किए गए।
- छिन्दवाड़ा में कुपोषण को कम करने केन्द्र और राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से मिशन सक्षम आंगनबाड़ी और पोषण 2.0 के तहत 22 अप्रैल तक पोषण पखवाड़ा चलाया जा रहा है।
- आगरमालवा कलेक्टर राघवेंद्र सिंह द्वारा जिले के समस्त शासकीय स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों के खुलने एवं बंद होने की स्थिति तथा समस्त स्टॉफ की उपस्थिति का सत्यापन जिला कॉल एंड कमांड सेंटर से करने के लिए निर्देशित किया है।
- अशोकनगर में आज वन समितियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण ईसागढ़ के ग्राम ढाकोनी में मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिया गया।
- नीमच में मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना के तहत नीमच, जावद एवं मनासा में 30 अप्रेल को नि:शुल्क सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

----------------------